खाटू के श्याम बाबा | By Kanchi Bhargav

खाटू के श्याम बाबा मिला जबसे तेरा सहारा
दुःख दूर हो गए सब होता आराम से गुज़ारा

किरपा की जो ना होती आदत तेरी पुरानी
ये दुनिया फिर ना होती बाबा तेरी दीवानी
अपनी शरण में जो लिया एहसान है तुम्हारा

बिगड़ी बनाने वाले लाखों को तूने तारा
डूबी हुई नैया का बना तू ही खेवणहारा
भवरो में अटकी नैया को दिया तूने ही सहारा

कोई नहीं है अपना सारा जग हुआ पराया
संकट की हर घडी में बाबा काम तू ही आया
रूबी रिधम कहे ये तू श्याम है हमारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-kanchi-bhargav/